HINDI. No. 6.

A VOICE FROM HEAVEN.

आकाश बाणी।

परमेश्वर के धर्म्मपुस्तक में लिखा है, कि कोई धर्म्मी नहीं है, एक भी नहीं, बूझनेहार नहीं, कोई ईश्वर का ढूंढनेहार नहीं; सब भटके हुए हैं, सब के सब निकम्मे हैं, कोई भला कर्नेहार नहीं, एक भी नहीं; इस कारण सभों ने पाप किया है, और ईश्वर की महिमा नहीं दिखलाई; वे सब अपराधों और पापों में रहते हैं; कुकर्म के कारण हम सब मन में ईश्वर के शत्रु हैं, इस कारण अपवित्र मन ईश्वर से शत्रुता रखता है, क्योंकि वह ईश्वर के व्यवस्था के वश में नहीं है, और नहीं हो सकता है। देखो, हम अधर्म में उत्पन्न हुये, और पाप में हमारी माता ने हमें जना, ऐसी है समस्त मनुष्यों की दशा; परंतु हम भी दोषी हैं, और नरक की पीडा के योग्य हैं, किस लिये कि धर्मपुस्तक में फेर लिखा है, कि वह मनुष्य जो पाप करता है, नरक की पीड़ा में डाला जायेगा; इस लिये कोई मनुष्य अपने कर्म से परमेश्वर की दृष्टि में धर्मी

3,000 Copies—1840.

नहीं ठहरेगा, क्योंकि सभों ने पाप किया है, और पाप का फल मृत्यु है। हर एक मनुष्य जो धर्मपुस्तक में लिखी हुई समस्त बातों को नहीं मानता, श्रापित है। सो हे सुननेवालो, यदि तुम्हारी दशा ऐसी बुरी होगी, तो अपनी भ्रष्टता से पछतावा करो, और ईश्वर की प्रार्थना करो, और तुम्हारे अपराध क्षमा किये जायेंगे। मङ्गलसमाचार सुनो; मैं तुम्हारे पास मङ्गलसमाचार लाता हूं, जो सब लोगों के लिये बड़ा आनन्द होगा, क्योंकि तुम्हारे लिये एक मुक्तिदाता उत्पन्न हुआ, जो प्रभु ईसा मसीह कहलाता है; देखो, यह परमेश्वर का पुत्र है, जो संसार के पाप लेजाता है, क्योंकि ईश्वर ने मनुष्यों पर ऐसा प्रेम किया है, कि उस ने अपना एकलौता पुत्र दान दिया, कि जो कोई उस पर विश्वास लावे, नाश न होवे, परंतु मुक्ति पावे; हां, ईश्वर ने अपने पुत्र को संसार में इस लिये नहीं भेजा, कि वह मनुष्यों को दोषी करे, अथवा किसी को मार डाले, अथवा नास्तिक मत्त फैलावे, परंतु इस लिये भेजा, कि मनुष्य उस के कारण मुक्ति पावें। सो हे हिंदू लोग, तुम्हें जाना जाये कि पापों से मुक्ति ईसा मसीह के कारण से तुम सभों के लिये उपदेश किया जाता है; और हर एक जन जो विश्वास लाता है, उसी की ओर से समस्त बस्तुओं से निर्दोषी है; परंतु स्मरण करो, हे सुननेवालो, कि ईसा मसीह के बिना और मुक्तिदाता कोई

नहीं है, और किसी दूसरे में मुक्ति नहीं, क्योंकि स्वर्ग के तले कोई दूसरा नाम नहीं है, जिस से हम लोग चाण पा सकते हैं। क्योंकि ईश्वर एक ही है, और ईश्वर और आदमियों के बीच में एक है, अर्थात ईसा मसीह बीचवी है, और वह कहता हैं, कि मैं धर्म मार्ग, और सचाई हूं, मेरे बिना कोई परमेश्वर के पास नहीं आ सकता। सो हे सुन्नेवालो, ईसा मसीह की ओर दृष्टि करो, उस की प्रार्थना करो, और उस पर विश्वास लाओ; जिस ने ईसा मसीह को छोडके मूर्तीं, और देवताओं पर भरोसा किई, तिस ने अमृत छोड दिया, और बिष पीया। ईसा मसीह कहता है, हे हर एक जो पियासा है, आओ, और जिस के पास कुछ रूपैया नहीं है, आओ, पीओ। हां, आओ, बिना रूपैया, और बिना दाम अमृत पीओ। हे सकल लोगो, जो दुःख, और बडे उदास में हो, मेरे पास आओ, और मैं तुम्हें सुख देऊंगा; मेरी आज्ञा मानो, और मुझ से सीखो, क्योंकि मैं कोमल, और मन में दीन हूं, और तुम अपने दिल में सुख पाओगे; आओ, क्योंकि सब वस्तु सिद्ध हैं, उस को जो मेरे पास आता है, मैं किसी प्रकार से निकाल न देऊंगा। जो कि ईसा मसीह पर विश्वास रखता है, अनन्त जीवन रखता है, और वह जो ईसा पर विश्वास नहीं रखता, मुक्ति न पावेगा, परंतु ईश्वर का क्रोध उस पर रह-

ता है। फेर धर्मआत्मा, और ईसा मसीह कहते हैं, आओ, और वह जो सुनता है, कहे, आओ, और जो पियासा है, सो आवे, और जो कोई चाहे, अमृतजल बिना रूपैया और दाम के पीवे। सो हे सुन्नेवालो, इन बातों पर सोचो, और ईसा मसीह की बुलाहट को मानो, और इस प्रकार से तुम्हारी त्राण होगी। परंतु यदि तुम ईसा मसीह का मङ्गलसमाचार नहीं मानते, तो अपने पाप का फल सुनो। ईसा अपने दूतों को भेजेगा, और वे उस के राज्य से उन सभों को, जे पाप करते हैं, और उन लोगों को, जो बुराई करते हैं, एकट्ठे करेंगे, और उन्हें नरक में डालेंगे, जहां बऊत कष्ट होगा। और पापीओं को ईसा मसीह कहेगा, मेरे सन्मुख से दूर हो। तो वे अनन्त पीड़ा में जायेंगे। हां, वह जो ईसा पर प्रेम न रखे, सो श्रापित होगा। जब ईसा आवेगा, तब स्वर्ग से अपने पराक्रमी दूतों के संग प्रगट होगा, और उन्हों से जो ईश्वर को नहीं पहचानते, और जो हमारे प्रभु ईसा मसीह का मङ्गलसमाचार नहीं मानते, पलटा लेगा, कि वे प्रभु के सन्मुख से, उस के पराक्रम की महिमा से अनन्त बिनाश से ताड़ना पावेंगे। उस काल में वह जिस का नाम ईश्वर के पुस्तक में न लिखा है, नरक में डाला जायेगा। सो हे सुन्नवालो अपने पाप से पछतावा करो, और इस मङ्गलसमाचार पर विश्वास लाओ। देखो, ग्रहण करने का समय

अब है; और देखो, मुक्ति का दिन अब है। जब लों परमेश्वर पाया जाये, तब लों उसे ढूंढो, जब लों वह समीप है, तुम उसे पकड़ो। दुष्ट अपने मार्ग को और अधर्मी अपने काम को त्यागे, और परमेश्वर के ओर फिरे, क्योंकि वह दया से उसे ग्रहण करेगा; और हमारे ईश्वर की ओर आवे, क्योंकि वह कृपा से परिपूर्ण है॥ संपूर्ण हुआ॥॥

PRINTED AT THE AMERICAN PRESBYTERIAN MISSION PRESS, LODIANA